PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Hindustan, Delhi**
**Wednesday, 7th April 2021; Page: 9**
**Width: 8.21 cms; Height: 22.35 cms; a4; ID: 23.2021-04-07.141**

# जलवायु परिवर्तन से जुड़े मामलों पर जावड़ेकर ने चर्चा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जलवायु संबंधी मामलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के विशेष दूत जॉन केरी से मंगलवार को मुलाकात की। दोनों नेताओं ने जलवायु वित्त, संयुक्त अनुसंधान एवं सहयोग समेत विभिन्न मामलों पर चर्चा की।

जावड़ेकर ने बैठक में आठ सदस्यीय भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। जावड़ेकर ने ट्वीट किया, जलवायु के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के साथ उपयोगी वार्ता हुई। हमने जलवायु वित्त, संयुक्त अनुसंधान एवं सहयोग समेत कई मामलों पर चर्चा की।

पर्यावरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि केरी के साथ सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता में हिस्सा लिया। केरी पांच से आठ अप्रैल तक चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए हुए हैं। **(एजेंसी)**